अमर उजाला 21/11/2025

युवाओं से किया नशे से दूर रहने का आह्वान

जीएमन कॉलेज में तीन दिवसीय एनसीसी कार्यक्रम का समापन

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में एनसीसी गर्ल्स विंग द्वारा चलाए गए तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन किया गया।सोमवार को नशा मुक्ति विषय पर कैडेट्स द्वारा पोस्टर बनाए गए।

कैडेट्स ने कॉलेज में विभिन्न कक्षाओं में जाकर छात्रों को नशा मुक्ति से संबंधित राय सांझा की। वहीं कार्यक्रम के दूसरे दिन यानी कि 19 नवंबर को एनसीसी गर्ल्स विंग द्वारा नशामुक्त भारत अभियान पर एक वक्तव्य का आयोजन किया गया। जिसमें नशामुक्त भारत अभियान प्रतिनिधि डॉ सरोज बाला ने कैडेट्स को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित किया। वहीं, बुधवार को कॉलेज प्रांगण में व्यक्तित्व विकास विषय पर एक कार्यशाला (व्याख्यान) का आयोजन कॉलेज प्राचार्य डॉ रोहित दत्त के नेतृत्व में किया गया।

कार्यक्रम में पहुंची सुरुचि कालरा चौधरी ने बताया कि व्यक्तित्व विकास का उद्देश्य हमारे चरित्र, लक्षणों और सामाजिक कौशल को सकारात्मक तरीके से पोषित करके हमें ऐसा करने में मदद करता है। इस महत्वपूर्ण विषय के बारे में अधिक जानने से हमारे जीवन के कई क्षेत्रों में सुधार हो सकता है। संवाद

जीएमएन कॉलेज में गर्ल्स विंग की कैडेट। संस्थान